## Regarding tunnel under Brahmaputra river in Assam

श्री रंजीत दत्ता **(सोनितपुर) :** सभापति महोदया, आज मुझे पहली बार बोलने का मौका मिला है । आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी और असम के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं ।

गौसपुर से नुमालीगढ़ 15 हजार करोड़ रुपये का एक प्रोजेक्ट ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे से टनल जाएगा, यह एशिया का सबसे बड़ा टनल होगा । यह टनल ब्रह्मपुत्र नदी के बीच से जाएगा । माननीय मंत्री जी ने रिप्लाई दिया है कि जुलाई-अगस्त में इसका शिलान्यास होगा ।

मैं माननीय मंत्री नितिन गडकरी जी के माध्यम से अनुरोध करता हूं कि गौहपुर टू लखीमपुर नेशनल हाईवे का रास्ता बहुत खराब है । मैं नितिन गडकरी जी से अनुरोध करता हूं कि उसको तुरंत बनाने के लिए कदम उठाएं ।